







# ब्रम्हा ध्वज का पूजन कर मनाया विक्रमोत्सव

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 19 मार्च।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा जारी निर्देशो के अनुपालन में आज नगरपालिका मैरिज गार्डन में ब्रम्हा ध्वज के पूजन के साथ विक्रमोत्सव मनाया गया। इस

**चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर केन्द्रित नाट्य का मंचन**

अवसर पर संस्कृति विभाग की ओर से अधिकृत समन्वय सांस्कृतिक एवं समाज कल्याण समिति ग्वालियर के 27 सदस्यीय कलाकार दल द्वारा सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रीत नाट्य का मंचन किया गया।



कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, कैलाशनारायण गुप्ता एवं रामलखन नापाखेडली, भाजपा जिला उपाध्यक्ष लवली मीणा, राघवेन्द्र जाट एवं श्रीमती सरोज तोमर, सुजीत गर्ग, दिनेश दुबोलिया, हरनारायण जाट, श्रीमती रमा वैष्णव, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य, एसडीओपी राजीव गुप्ता, सहायक नोडल अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी, गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। ततपश्चात् ब्रम्हा ध्वज की स्थापना के साथ पूजन-अर्चन किया गया एवं ब्रम्हा ध्वज की वंदना की गई।

इस अवसर पर संजय सिंह जादौन के निर्देशन में समन्वय सांस्कृतिक एवं समाज कल्याण समिति ग्वालियर द्वारा सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रीत नाट्य का सजीव मंचन किया गया। कार्यक्रम के अंत में एसडीएम गगन सिंह मीणा द्वारा नाट्य दल में शामिल कलाकारों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक चंद्रमोहन गौतम तथा आभार प्रदर्शन नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य ने किया। सृष्टि आरंभ दिवस वर्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 को आरंभ कोटि सूर्योपासना के रूप में मनाते हुए जिले के प्रमुख मंदिरों पर ब्रम्हा ध्वजा की स्थापना की गई।

**सभी को नववर्ष की दी गईं शुभकामनाएं**

कार्यक्रम के समापन अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य कैलाशनारायण गुप्ता द्वारा सृष्टि आरंभ दिवस वर्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 के आरंभ अवसर पर सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी गई। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी कैलेण्डर से पहले विक्रम संवत का प्रचलन हुआ, जो आज भी भारतीय पांचांग का एक प्रमुख संवत है। उन्होने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य एक पराक्रमी, न्याय प्रिय और विद्ववान शासक थे, जिन्होने अपने शासनकाल में न केवल भारत बल्कि पडोसी देशो तक प्रतिष्ठा प्राप्त की।

# सुप्रीम कोर्ट का बड़ा झटका और राहत! विजयपुर सीट पर सियासी भूचाल

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 19 मार्च।** मध्यप्रदेश की बहुचर्चित विजयपुर विधानसभा सीट को लेकर चल रहा सियासी संग्राम अब सुप्रीम कोर्ट पहुंचकर नया मोड़ ले चुका है। देश की सर्वोच्च अदालत ने एक अहम फैसले में मुकेश मल्होत्रा की विधायकी को फिलहाल बरकरार रखते हुए हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें दूसरे पक्ष को विधायक घोषित किया गया था। सुप्रीम कोर्ट में इस हाई-प्रोफाइल मामले की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने मल्होत्रा की ओर से दमदार पैरवी की। दोनों पक्षों की जोरदार दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने अंतरिम राहत देते हुए बड़ा फैसला सुनाया। हालांकि कोर्ट ने मल्होत्रा को विधायक बने रहने की अनुमति दी है, लेकिन इसके साथ दो सख्त शर्तें भी लगा दी हैंरू विधानसभा में वोटिंग नहीं कर सकेंगे, वेतन और भत्तों पर रोक रहेगी, यानी कुर्सी तो बच गई, लेकिन अधिकार सीमित कर दिए गए हैं। इस फैसले के बाद विजयपुर की राजनीति में जबरदस्त हलचल मच गई है। दोनों खेमों में हलचल तेज हो गई है और अब सबकी नजर सुप्रीम कोर्ट के अंतिम फैसले पर टिकी हुई है, जो इस सीट का भविष्य तय करेगा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह मामला न सिर्फ विजयपुर बल्कि पूरे प्रदेश की राजनीति पर असर डाल सकता है। आने वाले दिनों में यह केस और भी दिलचस्प मोड़ ले सकता है।

## एसडीएम ने किया अस्पताल का निरीक्षण

**श्योपुर, 19 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के निर्देशानुसार



एसडीएम गगन सिंह मीणा द्वारा आज जिला चिकित्सालय श्योपुर का निरीक्षण कर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुविधाओं का जायजा लिया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल भी मौजूद रहें। एसडीएम गगन सिंह मीणा द्वारा निरीक्षण के दौरान अस्पताल के विभिन्न वार्डो का भ्रमण करते हुए भर्ती रोगियों से स्वास्थ्य सेवाओं एवं उपचार के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।





# जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 19 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ विकासखण्ड श्योपुर की ग्राम पंचायत मठेपुरा के ग्राम चौंडपुर स्थित तालाब के जीर्णोद्धार कार्य के लिए भूमिपूजन कर किया गया तथा श्रमदान कर

**तालाब के जीर्णोद्धार के लिए भूमिपूजन कर किया श्रमदान**

कार्य की शुरूआत की गई। इस अवसर पर जिला पचांयत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, भाजपा जिला अध्यक्ष शंशाक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, जनपद अध्यक्ष श्रीमती रीना आशीष मीणा, सीईओ जनपद एसएस



भटनागर, सरपंच श्रीमती ललिता बैरागी, जयदीप तोमर, परियोजना अधिकारी विक्रम जाट सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी ने जल संरक्षण एवं जल संवर्धन अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यो के बारे में बताते हुए कहा कि अभियान के तहत जिले में कुल 1657 कार्य कराये जायेगे। उन्होंने ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए कहा कि जल का संरक्षण करें और जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने में अपना योगदान प्रदान करें।

भाजपा जिला अध्यक्ष शंशाक भूषण ने जल संरक्षण की दिशा में इस अभियान को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि पानी बचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है, उन्होने कहा कि जल संरचनाओं का संरक्षण करें तथा पानी की एक-एक बूंद को संग्रहित करने अपना योगदान दें। जल है तो कल है, इसलिए जल के महत्व को देखते हुए वर्षाजल को अधिक से अधिक संग्रहित करने में अपना सहयोग प्रदान करें। जल संरचाओं को प्रदूषण से बचाएं तथा आवश्यकतानुसार ही पानी का उपयोग करें।

पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय ने कहा कि जल का संरक्षण बहुत जरूरी है, जल का अनावश्यक दोहन आने वाले समय में समस्याएं खडी कर सकता है। भूमि का जलस्तर निरंतर घटता जा रहा है, ऐसे में यह आवश्यक है कि हम जल संरचनाओं का संरक्षण करें तथा अधिक से अधिक पानी जमीन में भेजने के लिए कार्य करें, जिससे जल स्तर में वृद्धि होगी।

जनपद अध्यक्ष श्रीमती रीना आशीष मीणा ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चौंडपुर तालाब में पिचिंग और गहरीकरण का कार्य किया जायेगा और तालाब का सौन्दर्यकरण करते हुए आकर्षक एवं उपयोगी बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि जल का संरक्षण करें तथा पानी के अपव्यय से बचें।

भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया ने कहा कि जल गंगा अभियान के तहत जिले में मौजूद तालाबों एवं अन्य जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। ग्राम चौंडपुर में भी आज तालाब का भूमिपूजन कर तालाब का गहरीकरण करते हुए जीर्णोद्धार किया जायेगा, जिससे अधिक वर्षा जल संग्रहित होगा तथा ग्रामीणों की निस्तारी आवश्यकताओं की पूर्ति होगी।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार सीईओ जनपद एसएस भटनागर द्वारा किया गया। इस अवसर पर तालाब जीर्णोद्धार कार्य का विधि विधान से भूमिपूजन किया तथा सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा गहरीकरण कार्य के लिए श्रमदान किया गया।

# पंडित घाट से हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 19 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ शहरी क्षेत्र में भी समारोहपूर्वक किया गया। श्योपुर शहर में सीप नदी के पंडित घाट पर आयोजित कार्यक्रम को

**बड़ौदा एवं विजयपुर में भी आयोजित हुए कार्यक्रम**



संबोधित करते हुए नगरपालिका उपाध्यक्ष संजय महाना ने कहा कि राज्य शासन द्वारा जल स्त्रोतों के संरक्षण तथा जल स्वच्छता के संबंध में अभियान आयोजित किया जा रहा है। यह अभियान 19 मार्च से 30 जून तक आयोजित होगा। उन्होने बताया कि अभियान के तहत नगर के विभिन्न घाटों पर श्रमदान के माध्यम से साफ-सफाई का कार्य किया जायेगा तथा अन्य जल स्त्रोतों कुओं एवं बावडियों के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार के कार्य किये जायेगे।

पंडित घाट पर आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान डिप्टी कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी डूडा विजय शाक्य, सुजीत गर्ग, जय सिंह जादौन, सीएमओ राधेरमण यादव, उपयंत्री पवन गर्ग, आदित्य चौहान, पार्षद विष्णु पाराशर, पार्षद प्रतिनिधि टोनू गौतम आदि उपस्थित रहें।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य एवं जय सिंह जादौन द्वारा भी जल संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम के दौरान सीप नदी का पूजन अर्चन करते हुए दीपदान किये गये। इसके साथ ही नगरपरिषद बडौदा की अध्यक्ष श्रीमती भरोसी बाई सुमन के निर्देशन में चन्द्रसागर तालाब की साफ-सफाई के कार्य के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत की गई। नगरपरिषद विजयपुर द्वारा भी क्वारी नदी पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से अभियान का शुभारंभ किया गया।

## पाण्डोला में जल महोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**श्योपुर, 19 मार्च।** कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में लोक स्वास्थ्य .यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्राम पाण्डोला में जल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभाग से जिला सलाहकार श्रीमती आराधना पाराशर,आई .एस.ए. कॉर्डिनेटर नीरज श्रीवास्तव, सचिव प्रमोद मवाई, रोजगार सहायक सत्यनारायण सैन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।


**उत्तर मध्य रेलवे**
**No.:** AGC-EL-C-SBL-BIB-Public Notification **Dated:** 19.03.2026
**भारतीय रेलवे** प्रोफार्मा 10-02
**25 केवी एसी कर्षण को चालू करना**
**''सड़क उपयोक्ताओं को चेतावनी''**
जन साधारण की सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है कि उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल के मध्य प्रदेश के मुरैना और श्योपुर जिले के सबलगढ़ (रहित) बीरपुर ( सहित) खंड की लाइन पर 25 केवी ए.सी. विद्युत कर्षण आरंभ करने के लिए सभी समपारों पर सड़क सतह से 4.78 मी. की स्पष्ट ऊंचाई पर ऊंचाई गेजें लगाई गई है ताकि बहुत अधिक ऊंचाई वाले लोड को विद्युत्तमय कर्षण तार की खतरनाक सन्निकटता या सम्पर्क में आने से रोका जा सके।
जन साधारण को एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वाहनों के लदान के प्रयोजन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट ऊंचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहन में ढ़ोये जा रहे लोड से किसी भी स्थिति में ऊंचाई गेजों का अतिलंघन न करें।
**अत्याधिक ऊंचाई के लोड के खतरे निम्नानुसार है:- (1)** ऊंचाई गेज के लिए खतरा और उसके फलस्वरूप सड़क और रेलवे लाइन पर बाधा। **(2)** वाहन पर ले जाये जा रही सामग्रियों या उपस्कर को खतरा। **(3)** चालकों की खतरनाक सामीप्यता या संपर्क के कारण आग का खतरा और जीवन की हानि का खतरा।
**उप मुख्य बिजली इन्जीनियर/निर्माण**
**उत्तर मध्य रेलवे, आगरा**
622/26(A)
North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# खनिज बोल्डर के अवैध परिवहन पर कार्यवाही

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 19 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार एसडीएम गगन सिंह मीणा द्वारा खनिज बोल्डर के अवैध परिवहन पर ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त करने की कार्यवाही की गई है। कार्यवाही के दौरान जिला खनिज अधिकारी राजेश कुमार गंगेले भी उपस्थित रहें।

माईनिंग अधिकारी ने बताया कि विकास नगर मार्ग बायपास रोड श्योपुर पर खनिज बोल्डर के अवैध परिवहन पर जब्त किये गये ट्रेक्टर-ट्रॉली को देहात थाना श्योपुर की सुपुर्दगी में दिया गया है तथा प्रकरण दर्ज करने की कार्यवाही की गई है।



# घरेलू गैस के व्यवसायिक उपयोग पर 12 सिलेण्डर जब्त

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 19 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा घरेलू गैस सिलेडरो के व्यवसायिक दुरूपयोग पाये जाने पर विभिन्न प्रतिष्ठानों से 12 सिलेण्डर जब्त किये गये है।

फूड इस्पेक्टर संजीव शर्मा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी फूड विजय शाक्य, तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा के नेतृत्व में घरेलू गैस सिलेडरो का व्यवसायिक रूप से दुरूपयोग करते पाये जाने पर गुलम्बर, पुराना बस स्टैण्ड, बंजारा डैम एवं खातौली तिराहा क्षेत्र से 12 सिलेण्डर जब्त करने की कार्यवाही की गई है। जब्त सिलेण्डर गैस एजेंसी की सुपुर्दगी में दिये गये है। सभी प्रतिष्ठान संचालको को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि घरेलू गैस सिलेडरो का व्यवसायिक उपयोग न करे अन्यथा कठोर कार्यवाही की जावेगी।


**उत्तर मध्य रेलवे**
**No.** AGC-EL-C-SBL-BIB-Public Notification **Dated:** 19.03.2026
**सार्वजनिक अधिसूचना**
रेलवे लाइनों, परिसरों और सभी समपार फाटकों के सभी उपयोगकर्ताओं को एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मण्डल के निम्न लिखित खण्डों पर 25000 वोल्ट, 50 हट्‌र्ज ए. सी. शिरोपरि कर्षण तार को खण्ड में विनिर्दिष्ट तारीख को या उसके बाद उर्जित किया जायेगा। उस तारीख और उस तारीख के बाद से शिरोपरि कर्षण लाइन को हर समय विद्युतमय माना जायेगा और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति शिरोपरि लाइन के सामीप्य में दाखिल नहीं होगा या काम नहीं करेगा।

| खण्ड | किमी./चैनेज | |
|---|---|---|
| | से | तक |
| उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल के मध्य प्रदेश के मुरैना और श्योपुर जिले के सबलगढ़ (रहित)-बीरपुर (सहित) खंड | Mast Location 91/01 | Mast Location 118/07 |

**उर्जित करने की तारीख**
- (पिछली विद्युत उर्जित करने की तारीख 10.02.2025)
- संभावित संशोधित विद्युत उर्जित करने की तारीख 23.03.2026.

**उप मुख्य बिजली इन्जीनियर/निर्माण**
**उत्तर मध्य रेलवे, आगरा**
621/26(DG)
North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, मैकेनिकल खण्ड, सागरताल, ग्वालियर (म.प्र.)**
Ph.NO-0751-2452685, E-Mail-emphedgwa@mp.nic.in, mp.eephedmgwa@gmail.com
क्रमांक/326/तक./का.यं./ लो.स्वा.यां.वि./मैकेनिकल/खण्ड/2025-26 ग्वालियर, दिनांक 13.03.2026
**ई-निविदा द्वितीय आमंत्रण सूचना**
कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मैकेनिकल खंड ग्वालियर द्वारा विभिन्न जिलों में निम्नलिखित कार्य करने हेतु पंजीकृत फर्मों से ऑन लाइन डिजिटली हस्ताक्षरित निविदा अनुभवी ठेकेदार से आयटम दर पर प्रपत्र 'Form C' पर आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु अभिलेखों जैसे प्रतिभूति राशि पावती, उक्त कार्य हेतु केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग में पंजीयन का प्रमाण-पत्र इत्यादि (निविदा अनुसार) निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से ऑन-लाईन अपलोड करना होगा।
विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
कार्य का नाम :- निम्नलिखित जिलों में कार्यरत रिंग मशीनों एवं उनके सहायक वाहनों के (Annual Repair and Maintenance) वार्षिक मरम्मत कार्य हेतु नये स्पेयर पार्टस एवं अन्य आवश्यक सामग्री प्रदाय करने बावत् (संलग्न सूची अनुसार)।

| क्र. | जिला | रिंग मशीन | ई-निविदा आई.डी. क्रमांक | निविदा क्रमांक /दिनांक | अनुमानित लागत (रूपये में) | धरोहर राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्योपुर | KLR-04 | 2026_PHED_490139_1 | 57/2025-26 13.03.2026 | 188580/- | 3772/- | 1000/- | 15 दिवस |
| 2. | ग्वालियर | CR-05 | 2026_PHED_490143_1 | 58/2025-26 13.03.2026 | 189680/- | 3794/- | 1000/- | 15 दिवस |
| 3. | ग्वालियर | IRT-15/1 | 2026_PHED_490165_1 | 59/2025-26 13.03.2026 | 158722/- | 3174/- | 1000/- | 15 दिवस |
| 4. | मुरैना | BEC-N-20 | 2026_PHED_490172_1 | 60/2025-26 13.03.2026 | 89750/- | 1795/- | 1000/- | 15 दिवस |

ई-निविदाएं ऑनलाइन खरीदने की अंतिम तिथि: 28.03.2026 समय 18:00 बजे तक
ई-निविदा में बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि: 28.03.2026 समय 18:00 बजे तक
ई-निविदा खोलने की तिथि व समय :-30.03.2026 समय 13:00 बजे के पश्चात
**G-27628/25**
**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग**
**मैकेनिकल खण्ड ग्वालियर**